Moorebank Intermodal Precinct

Hindi

Moorebank Intermodal Precinct (Precinct) ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक और इंटरमोडल परिसरों में से एक है। परिसर का पैमाना और इसकी क्षमता ऑस्ट्रेलिया में सर्वप्रथम है और यह राष्ट्र की आपूर्ति श्रृंखला को बदल देगा, इसके फलस्वरूप लाखों ट्रक सड़कों से हट जाएँगे तथा माल-सामान की और अधिक प्रभावशाली तथा सुस्थिर प्रोसेसिंग व डिलीवरी उपलब्ध कराकर व्यापारों और उपभोक्ताओं के लिए लागत कम हो जाएगी।

दिसम्बर 2023 अपडेट (नवीनतम जानकारी)

2023 अंकों में

Moorebank Intermodal Precinct पर निर्माण-कार्य अच्छे से प्रगति कर रहा है। अब तक, परियोजना में निम्नलिखित काम पूरे किए जा चुके हैं:

121,000

वर्गमीटर नई लीज़िंग

Qube Logistics, Maersk, और Sydney Tools की प्रमुख लीज़ सहित 121,000 वर्गमीटर से अधिक की नई लीज़िंग।

162,000

वर्गमीटर वेयरहाउस (गोदाम) कार्य संपूर्ण

वेयरहाउस E6, E7 और Woolworths National Distribution Centre (NDC) में 162,000 वर्गमीटर के वेयरहाउस कार्य संपूर्ण

16,000

सौलर पैनल इंस्टॉल किए गए

पूरे परिसर में 16,000 से अधिक सौलर पैनल लगाए गए।

अंतरराज्यीय रेल टर्मिनल

अंतरराज्यीय रेल टर्मिनल का निर्माण-कार्य अच्छी तरह प्रगति कर रहा है और 2024 में संचालन शुरू करने के लिए निर्धारित मार्ग पर है।

Moorebank Precinct West पर खुदाई-कार्य

वेयरहाउस और बुनियादी ढांचा विकास

Moorebank Precinct West (MPW) के उत्तरी-पश्चिमी कोने में दो वेयरहाउसों का निर्माण-कार्य लगभग पूरा हो गया है। इन वेयरहाउसों का निर्माण-कार्य अप्रैल 2024 तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। सबसे उत्तरी वेयरहाउस (N1) को Maersk ने लीज़ पर लिया है, और इससे अगले वेयरहाउस (N2) को Sydney Tools ने लीज़ पर लिया है।

इन वेयरहाउसों के निर्माण-कार्य पूरे होने के बाद, विकास का अगला चरण MPW साउथ वेयरहाउस S1, S2 और S5 पर केन्द्रित होगा – तीन वेयरहाउस जो Woolworths NDC के ठीक दक्षिण में हैं। अनुमोदनों के अधीन, हम 2024 की शुरूआत में निर्माण-कार्य को शुरू करने का प्रयास करेंगे।

पर्यावरणीय कार्य

2023 में, Moorebank Biodiversity Offset Areas के पारिस्थितिक मूल्यों में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की गई है। Moorebank Offset Area में, आक्रामक खरपतवारों और विदेशी प्रजातियों को हटाकर आवास को बढ़ाने पर प्रयास केंद्रित किए गए हैं। खरपतवार वाले क्षेत्र अब देशी प्रजातियों के पुनर्वास के लिए निगरानी किए जाने, और आवश्यकतानुसार लक्षित निराई के लिए तैयार हैं।

Georges River के साथ-साथ Lot 100 पर, जलीय खरपतवार प्रबंधन और लैंटाना का लक्षित उन्मूलन कार्य भी चल रहा है। 2024 में आगे और निराई-गुड़ाई की जाएगी, साथ ही कार्यनीतिक रूप से रखे गए पेड़ों के ठूंठों को लगाया जाएगा - जैव विविधता क्षेत्र के बाहर से हटाकर - तथा क्षेत्र के निवास स्थान को और बेहतर बनाने के लिए देशी प्रजातियों को फिर से लगाया जाएगा।

Moorebank Intermodal precinct पर देशी जीव-जन्तु।

नेशनल सेफ वर्क मन्थ (राष्ट्रीय सुरक्षा कार्य महीना)

अक्तूबर में, Moorebank Intermodal Precinct ने नेशनल सेफ वर्क मन्थ की पहचान की – एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यक्षेत्र का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध होने का समय| Woolworths के साथ सहयोग से, स्थल पर मौजूद टीमों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सेफ वर्क मन्थ बॉर्बेक्यू और 'Safety STOP' (सेफ्टी स्टॉप) में भाग लिया| इस समारोह ने MIP टीमों को उन तरीकों में संलग्न होने, अपनी अंतर्दृष्टि साझा करने, तथा इनके बारे में और अधिक सीखने का अवसर प्रदान किया जिनके द्वारा हम पूरे परिसर में सुरक्षा और कल्याण प्रबंधन में निरंतर सुधार कर सकते हैं|

Woolworths Moorebank National Distribution Centre और Regional Distribution Centre.

संचालन और निर्माण के घंटे

इंटरमॉडल सुविधा (आयात निर्यात टर्मिनल और वेयरहाउसिंग सहित) के स्वीकृत संचालन घंटे सप्ताह में 7 दिन 24 घंटे हैं।

निर्धारित घंटों से बाहर काम

हमारे काम आम तौर पर सामान्य निर्माण घंटों के भीतर किए जाते हैं, हालांकि कुछ गतिविधियां या अनिवार्य परिस्थितियां हो सकती हैं जिनके लिए समुदाय, सड़क उपयोगकर्ताओं और स्थानीय व्यवसायों पर प्रभाव को कम करने के लिए इन घंटों के बाहर काम करना होगा।

प्रभावित निवासियों और व्यवसायों को इन कार्यों के बारे में वेबसाइट और लेटरबॉक्स में चिट्ठी छोड़े जाने के माध्यम से अग्रिम रूप से सूचित किया जाएगा।

निर्माण कार्य के स्वीकृत सामान्य घंटे हैं:

Moorebank Precinct West
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे - शाम 6 बजे
शनिवार: सुबह 8 - दोपहर 1 बजे

Moorebank Precinct East
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे - शाम 6 बजे
शनिवार: सुबह 7 - दोपहर 1 बजे

संपर्क करने के लिए

संपर्क करने, जानकारी का अनुरोध करने या शिकायत करने के लिए:

हमें फोन करें:
1800 986 465

हमें ईमेल करें:
moorebank@tsamgt.com

हमें लिखें:
Level 15, 207 Kent Street,
Sydney, NSW, 2000

अधिक जानकारी के लिए,
कृपया हमारी वेबसाइट **moorebank.au** पर जाएँ